तार : पर्यावरण
GRAM : PARYVARAN

क्षेत्रीय कार्यालय
Regional Office

फोन एवं फैक्स : 05278–245411
Tele & Fax: 05278-245411
Email- rofaizabad@uppcb.com

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अयोध्या
UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD, AYODHYA

पत्राक सं०: .....
Ref. No.- .....

दिनांकः .....
Dated : 11/12/20

माननीय हरित अधिकारण, नई दिल्ली द्वारा ओ0ए0 संख्या–116/2014 मीरा शुक्ला बनाम म्यूनिसिपिल कारपोरेशन, गोरखपुर व अन्य के सम्बन्ध में मा0 न्यायमूर्ति देवी प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दिनांक–18.07.2019 को आहूत मानीटरिंग कमेटी द्वारा दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में तिहुरा नाला सम्बन्धित जांच आख्या दिनांक– 11.12.2020।

1. ग्राम बैसिंह, परगना– हवेली अवध, तहसील– सदर, जिला– अयोध्या से प्रारम्भ होकर बहने वाला सरकारी नाला जो कि ग्राम– पाराखान तिहुरा उपरहार, रामपुर हलवारा, रामपुर माझा, सरायरासी, माझा राजेपुर, मूड़ाडीह, माझा पिपरी संग्राम, माझा पूस, चेतन माझा और मइना माझा होते हुये सरयू नदी में मिल जाता है। जो कई दशक पुराना है। तथा उपरोक्त नाले का प्रयोग सिंचाई, मछली पालन व घरेलू उत्प्रवाह के निकास हेतु पिछले कई दशकों से किया जाता रहा है। नाले का पानी सिंचाई व अन्य प्रयोग हेतु उपयुक्त है।
2. इस सरकारी नाले के जल प्रवाह को ग्राम राजेपुर की प्रधान शान्ती सिंह, सरस्वती देवी व अन्य ग्रामवासियों द्वारा रोक दिया गया है। जिसके दुष्परिणाम स्वरूप बड़ी मात्रा में ग्रामीण किसान/पशु पक्षी व पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।
3. माननीय जिलाधिकारी अयोध्या के पत्र दिनांकित– 22.07.2018 के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या को

1/17/104, Ramnagar Colony, Parikrama Marg, Ayodhya-224001
1/17/104, रामनगर कालोनी, परिक्रमा मार्ग, अयोध्या– 224001

प्रकरण की विस्तृत अभिलेखीय जांच व स्थलीय जांच कराकर तथ्यात्मक आख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था जिसके अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी–अयोध्या द्वारा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई खण्ड अयोध्या तथा तहसीलदार सदर की संयुक्त टीम के माध्यम से समिति गठित करके विस्तृत जांच करायी गयी जिसमें प्रमुख रूप से यह इंगित किया गया है कि

"सन् 1363 से 1365 की फसली की खतौनी में सोती एवं रेता के खाते पर भूमि की नवैइयत परिवर्तन एवं खातेदारों का नाम अंकित किये जाने के सम्बन्ध में किसी सक्षम अधिकारी का कोई आदेश अंकित नहीं पाया गया, इससे स्पष्ट है कि सन् 1363 से 1365 फसली की खतौनी से प्रथम सर्वे बन्दोबस्त तैयार करते समय ही सोती एवं रेता की भूमि को त्रुटिपूर्ण ढंग से विभिन्न खातेदारों के नाम अंकित कर दिया। जिसके कारण वर्तमान में भी राजस्व अभिलेखों में सोती एवं रेता का कोई खाता अंकित नहीं हैं।"

साथ ही साथ उद्योग के उत्प्रवाहित होने वाले जल के सम्बन्ध में उक्त जांच में यह भी इंगित किया गया है कि **उद्योग द्वारा नाले में निस्तारित किये जा रहे शुद्धिकृत उत्प्रवाह की गुणवत्ता की जांच हेतु उद्योग द्वारा ई0टी0पी0 के फाइनल आउटलेट पर ऑनलाइन कान्टीनिवस इफ्लूएन्ट मानिटरिंग सिस्टम (आई0सी0ई0 एम0एस0) स्थापित किया गया है। उद्योग में स्थापित ओ0सी0ई0एम0एस0 केन्द्रीय प्रदूषण**

नियन्त्रण बोर्ड तथा राज्य बोर्ड के सर्वर से जुड़ा है जिसके द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उद्योग से नाले में निस्तारित किये जा रहे शुद्धिकृत उत्प्रवाह की गुणवत्ता की मानीटरिंग सतत् ऑनलाइन किया जा रहा है। उद्योग से निस्तारित हो रहे शुद्धिकृत उत्प्रवाह की गुणवत्ता बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं होने की दशा में केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से तत्काल एस0एम0एस0 आ जाता है। तीन बार लगातार उद्योग द्वारा डिफाल्ट किये जाने की दशा में केन्द्रीय नियन्त्रण बोर्ड द्वारा उद्योग को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया जाता है तथा कारण बताओ नोटिस का उद्योग द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिये जाने की दशा में उद्योग के विरूद्ध बन्दी आदेश जारी कर दिया जाता है। समिति द्वारा उक्त तिथि को अन्तिम निस्तारण बिन्दु से उत्प्रवाह का नमूना एकत्र कर विश्लेषण हेतु केन्द्रीय प्रयोगशाला में जमा कराया गया, जिसमें प्रचालकों की मात्रा पी0एच0– 7.88 बीओडी 12.0 सीओडी– 96 एवं एसएस–22.0 पाया गया जो बोर्ड के मानकों के अनुरूप है। उक्त जांच में यह भी इंगित किया गया है कि "ग्राम वासियों से जानकारी करने पर पाया गया कि उक्त नाला कई वर्ष पुराना है। मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या द्वारा प्रेषित जांच रिपोर्ट दिनांक– 21.02.2019 इस अख्या के अनुलग्नक 1 के रूप में प्रदर्शित है।"

4. क्षेत्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, अयोध्या, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड लखनऊ, केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, जिला

स्तर पर गठित जांच कमेटी, शासन स्तर पर गठित जांच कमेटी एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा गठित संयुक्त जांच कमेटी द्वारा यश पैका लि0 (यश पेपर्स लि0) के शुद्धीकृत उत्प्रवाह के नमूनों की जांच विभिन्न तिथियों पर की गई जिसके पश्चात पाया गया कि यश पैका लि0 के शुद्धीकृत उत्प्रवाह प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं।

5. इस सन्दर्भ में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी अयोध्या के समक्ष मेसर्स यश पेपर्स लि0 (यश पैका लि0) के विरूद्ध की गई शिकायत के सन्दर्भ में फसलों की क्षति व जल भराव विषयक जांच की गई। जिस पर जिला कृषि अधिकारी अयोध्या द्वारा उपजलाधिकारी महोदय, सदर, अयोध्या को पत्र प्रेषित करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि विगत 5 वर्षों में यश पेपर्स लि0 दर्शननगर, अयोध्या के विरूद्ध एक मात्र शिकायत की गई है तथा प्रथम दृष्टया जल निकासी वाले नाले पर अतिक्रमण व जल निकासी के सुरक्षित बहाव को बाधित किये जाने के कारण नाले से पानी के तटबन्ध खेतों की तरफ बाहर आने की स्थिति उत्पन्न हो गई है तथा इसी वजह से खेतों में जल भराव हो रहा है। जो कि इस अख्या के अनुलग्नक 2 के रूप में प्रदर्शित है।

6. इसी प्रकार इसी क्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय जनपद अयोध्या द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय, जनपद-अयोध्या को जांचोपरान्त यह आख्या उपलब्ध कराई गई कि यश पेपर मिल के नाले से मृत्यु के सम्बन्ध में किसी प्रकार

की कोई सूचना कार्यालय को नहीं प्राप्त हुई है। जो कि इस अख्या के अनुलग्नक 3 के रूप में प्रदर्शित है।

7. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महोदय, जनपद अयोध्या द्वारा प्रेषित पत्र के क्रम में पशु चिकित्साधिकारी महोदय, पूरा बाजार, जनपद अयोध्या व पशु चिकित्साधिकारी महोदय, गंगौली, जनपद अयोध्या द्वारा इस आशय की रिपोर्ट प्रेषित की गई है कि विगत 5 वर्षो में यश पैका लि0 के एफ्लुएंट ट्रीटमेन्ट प्लान द्वारा नाले में छोड़े गये पानी के कारण पशुओं में कोई बीमारी संज्ञान में नहीं आयी है। जो कि इस अख्या के अनुलग्नक 4 के रूप में प्रदर्शित है।

8. **इसी प्रकार माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ खण्ड पीठ की डबल बेंच द्वारा रिट याचिका संख्या– 4704/2019 दिनेश यादव बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0 व अन्य में आदेश दिनांक– 06.03.2019 में यह दर्शित किया कि,**

"From the record as well as photographs annexed with the writ petition, it comes out that there is a nullah and the natural flow of the same cannot be obstructed by any person. The District magistrate and other district authorities are supposed to ensure the free flow of the water from the nullah which originates from village Baisingh and ends up in river Saryu. It appears that no positive steps have taken by the district authorities and in the instruction an effort has been made to shift the burden in the grab of proceedings pending before the consolidation authorities. Obstruction of the flow of water is apparently causing danger to

the environment." उक्त आदेश की प्रति इस अख्या के अनुलग्नक 5 के रूप में प्रदर्शित है।

9. अवगत कराना है कि माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली के समक्ष विचाराधीन वाद संख्या– 116/2014 मीरा शुक्ला बनाम म्यूनिसिपल कारपोरेशन के वाद में भी यह तथ्य प्रकाश में लाया गया जिसका संज्ञान लेते हुए माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा अपने आदेश दिनांकित– 27.09.2019 के प्रस्तर संख्या– 21 में यह कहा गया कि नाले को किसी भी दशा में अवरूद्ध नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश की एक प्रति **अनुलग्नक 6** के रूप में प्रदर्शित है।

10. दिनांक–11.10.2019 को अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा उपजिलाधिकारी सदर अयोध्या को पत्र लिखते हुए इस तथ्य से अवगत कराया गया कि शासन के पत्र दिनांकित– 06.09.2019 से यह विदित है कि प्रश्नगत नाला अवैध रूप से कतिपय किसानों द्वारा अवरूद्ध किया गया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन के पत्र दिनांक– 11.10.2019 एवं शासन के पत्र दिनांक 06.09.2019 की प्रति **अनुलग्नक 7** के रूप में प्रदर्शित है।

11. माननीय उपजिला मजिस्ट्रेट सदर अयोध्या द्वारा अपने न्यायालय में विचाराधीन वाद अन्तर्गत धारा– 133 द0प्र0सं0 में दिनांक– 29.11.2019 को आदेश पारित करते हुए जल निकासी के नाले पर किये गये अवरोध को हटाने हेतु सशर्त आदेश दिया।

अतएव मैं उपजिला मजिस्ट्रेट, सदर, अयोध्या एतद्द्वारा आपको आदेश देता हूँ तथा आपसे अपेक्षा करता हूँ कि आप दिनांकित अवधि तक अनवार्य रूप से प्रश्नगत नाले पर किये गये किसी भी प्रकार के अवरोध को हटा लें, अन्यथा 2019 वर्ष, 11 माह, 29 दिवस को मेरे न्यायालय में पूर्वाह्न 11.00 बजे उपस्थित होकर यह संदर्भित करें कि इस आदेश को क्यों न प्रवर्तित किया जाय। उक्त आदेश की प्रति **अनुलग्नक 8** के रूप में संलग्न है। यह भी अवगत कराना है कि उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय में लम्बित उपरोक्त वाद में बहस की कार्यवाही पूर्ण हो गई है तथा पत्रावली आदेश हेतु सुरक्षित है।

12. केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की संयुक्त निरीक्षण आख्या को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी अयोध्या को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा– 5 के अन्तर्गत सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के कार्यालय पत्रांक– एच 45759/सी–6/जल–53/फैजा0/2019 दिनांक– 01.01.2020 द्वारा माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में दायर ओ0ए0 संख्या–116/2014 मीरा शुक्ला बनाम म्यूनिसिपल कारपोरेशन गोरखपुर एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक– 24.09.2019 के अनुपालन में निम्नलिखित निर्देश दिये गयेः–

1. यह कि तिहुरा नाले में किसानों द्वारा बनाये गये समस्त बन्धों को तुरन्त हटा लिया जाये।

2. यह कि तुहुरा नाले के किनारे स्थित गांव के वेस्ट वाटर बिना शुद्धिकृत किये तिहुरा नाले में निस्तारित न किया जाये।

3. यह कि तिहुरा नाले में एकत्र स्लज को मैसर्स यश पैका लि0 (पूर्वनाम मेसर्स यश पेपर्स लि0), दर्शन नगर, अयोध्या के माध्यम से निकालने की व्यवस्था की जाये, जिससे तिहुरा नाले में बिना अवरोध के उद्योग का शुद्धीकृत उत्प्रवाह निस्तारित हो सके।

अवगत कराना है कि उपरोक्त निर्देशों में से यश पैका लि0 (यश पेपर लि0) को जारी निर्देश संख्या– 3 का अनुपालन यश पैका लि0 द्वारा किया गया तथा इस सम्बन्ध में सूचना क्षेत्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड अयोध्या के समक्ष दिनांक– 01.01.2020 को प्रेषित कर दिया। जिसके क्रम में दिनांक– 26.02.2020 को उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के मुख्यालय लखनऊ एवं क्षेत्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड अयोध्या द्वारा संयुक्त रूप से जांच कराई गई तथा उक्त जांच में यह पाया गया कि यश पैका लि0 द्वारा जारी दिशा निर्देश संख्या– 3 का अनुपालन कर लिया गया है। उक्त पत्राचार की प्रति आख्या के **अनुलग्नक 9** के रूप में संलग्न है।

13. इसी क्रम में प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जिलाधिकारी अयोध्या के समक्ष पत्र दिनांकित– 12.06.2020 इस आशय से प्रेषित किया गया कि जिलाधिकारी अयोध्या

द्वारा उपरोक्त दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराकर अंनुपालन आख्या सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिनांक– 14.06.2020 तक उपलब्ध कराकर शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें परन्तु उक्त निर्देश संख्या– 1 व 2 का अनुपालन अभी तक नहीं किया गया है। उक्त पत्र की प्रति व सरकारी नाले की भूमि को अतिक्रमण करते हुए जबरदस्ती अवरूद्ध किये जाने का फोटोग्राफ **अनुलग्नक 10** व **अनुलग्नक 11** के रूप में संलग्न है।

14. अवगत कराना है कि इस सम्बन्ध में माननीय जिलाधिकारी अयोध्या को माननीय सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देश का अनुपालन न करने के कारण पुनः एक अनुस्मारक पत्र पत्रांक संख्या– एच49416/सी–6/जल–53/अयोध्या/ 2020 दिनांकित– 28.05.2020 द्वारा निर्देशत किया गया कि उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन शीघ्र सुनिश्चित किया जाये, उक्त अनुस्मारक की प्रति **अनुलग्नक 12** के रूप में संलग्न है।

15. दिनांक– 02.06.2020 को ओवर साइड कमेटी एन0जी0टी0यू0पी0 पर्यावरण निदेशालय लखनऊ द्वारा भी जिलाधिकारी अयोध्या को पूर्व में दिनांक– 31.01.2020 व 13.02.2020 के निर्देशों के क्रम में पुनः आदेश जारी किया कि इस प्रकरण में उचित कार्यवाही करते हुए दो सप्ताह के भीतर कृत कार्यवाही से सूचित करें। **उक्त पत्र की प्रति अनुलग्नक 13 के रूप में संलग्न है।**

16. अवगत कराना है कि इस सम्बन्ध में माननीय जिलाधिकारी अयोध्या को माननीय सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश प्रदूषण

नियन्त्रण बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देश का अनुपालन न करने के कारण प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा अपने पत्रांक संख्या– NGT-254/81-7-2020-44(रिट)/16टी0सी0–2 दिनांकित– 12.06.2020 द्वारा निर्देशित किया गया कि सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के पत्र संख्या– एच45759/सी–6/जल–53/फैजा0/2019 दिनांक– 01.01.2020 एवं अनुस्मारक पत्र संख्या– एच49416/सी–6/जल–53/अयोध्या 2020 दिनांकित– 28.05.2020 द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराकर अनुपालन आख्या सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को दिनांक– 14.06.2020 तक सुनिश्चित कराते हुए शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें। उक्त पत्र दिनांकित– 12.06.2020 की प्रति **अनुलग्नक 14** के रूप में संलग्न है।

17. इसी क्रम में राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दिनांक– 16.06.2020 को **ओ0ए0 संख्या– 116/2014 मीरा शुक्ला बनाम म्यूनिसिपिल कारपोरेशन, गोरखपुर व अन्य** में केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के अधिवक्ता की राय पर आदेश पारित करते हुए ओवर साइट कमेटी को तिहुरा नाला में किये गये अतिक्रमण के सन्दर्भ में उचित कार्यवाही किये जाने का निर्देश जारी किया। **उक्त आदेश की प्रति अनुलग्नक 15 के रूप में संलग्न है।**

निष्कर्ष

उक्त तथ्यों व परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत जांच आख्या श्रीमान जी के अवलोकनार्थ इस निष्कर्ष के साथ प्रेषित की जा रही है कि ग्राम– बैसिंह, परगना– हवेली अवध, तहसील– सदर, जिला– अयोध्या से प्रारम्भ होकर बहने वाले सरकारी नाला जिसमें ग्राम वासियों के अशुद्धीकृत

उत्प्रवाह व यश पैका लिमिटेड का शुद्धिकृत उत्प्रवाह बहता है जिसे राजेपुर में कतिपय ग्रामवासियों द्वारा अवरूद्ध कर लिया गया है जिससे अत्यधिक प्रदूषण हो रहा है एवं फसलों के क्षतिग्रस्त होने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है। साथ ही साथ यह अवगत कराना है कि यश पैका लि0 (यश पेपर्स लि0) के शुद्धीकृत उत्प्रवाह की जांच में लिये गये नमूने मानकों के अनुरूप पाये गये। उपरोक्त तिहुरा नाला को अवरूद्ध किये जाने के सम्बन्ध में न तो किसी सक्षम न्यायालय/विभाग द्वारा किसी प्रकार का कोई आदेश दिया गया है और न ही इस प्रकार से नाला अवरूद्ध किये जाने का अधिकार किसी भी व्यक्ति को प्राप्त है। अपितु नाले को खोले जाने के सम्बन्ध में जिला स्तर, शासन स्तर, राष्ट्रीय हरित अधिकारण प्रधान खण्ड पीठ नई दिल्ली व माननीय उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ द्वारा समय समय पर समुचित दिशा निर्देश जारी किये गये हैं जिनका अनुपालन आज तक नहीं किया गया है।

अतः तिहुरा नाला पर किये गये अवरोध को हटाने के सम्बन्ध में समुचित दिशा निर्देश जिला प्रशासन अयोध्या को जारी करने की कृपा करें।

भवदीय

दिनांकः- 11/12/20

क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी
उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड
अयोध्या

अनुलग्नक-12

प्रेषक,

मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अयोध्या।

पत्रांक 2975 एस0टी0/शिका0जांच–पत्रा0–2019/18–19 दिनांक जनवरी 21 फरवरी ,2019

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या : 1353/ओ0एस0डी0/मिस–यश पेपर मिल/2018 दिनांक 22.07.2018 का अवलोकन करनें का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री गौतम घोष, समन्वय प्रमुख, यश पेपर्स, यश नगर, अयोध्या के पत्र दिनांक 10.07.2018 की प्रति संलग्न कर ग्राम राजेपुर मांझा में स्थित नाले को अवरूद्ध कर दिये जाने के कारण यश पेपर मिल के गन्दे पानी से फसल के बरबाद होने तथा गांव के बच्चे, बुजुर्ग आदि लोगों के संक्रमित रोग से परेशान होने का उल्लेख करते हुये प्रकरण की विस्तृत अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच करा कर तथ्यात्मक आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि आपके उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 22.07.2018 में उल्लिखित 07 बिन्दुओं के कम में कार्यालय आदेश संख्या : 2040/एस0टी0/शिका0जांच–पत्रा0/2018–19 दिनांक 23.10.2018 द्वारा निम्नानुसार अधिकारियों की एक समिति गठित कर प्रकरण की जांच करायी गई :

1. बन्दोबस्त अधिकारी, चकबन्दी, अयोध्या।
2. क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अयोध्या।
3. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, अयोध्या।
4. तहसीलदार, सदर, अयोध्या।

उक्त समिति के सदस्यों द्वारा प्रकरण की जांच कर जांच आख्या दिनांक 24.01.2019 द्वारा उपलब्ध करायी गई है। जांच आख्या में यह स्पष्ट किया गया है कि यश पेपर मिल ग्राम पाराखान, परगना हवेली अवध, तहसील सदर, जिला अयोध्या में स्थित है। उक्त मिल के बगल से प्रश्नगत नाले का उद्गम ग्राम पाराखान से होकर ग्राम तिहुरा उप0, रामपुर हलवारा उप0, रामपुर हलवारा माझा, सरायरासी माझा, राजेपुर माझा होते हुये माझा मूड़ा डीहा, अयोध्या से होकर सरयू नदी तक जाता है। इस नाले में शामिल होने वाले गाटा संख्याओं एवं उनसे संबंधित खातेदारों का विवरण समिति द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या के पृष्ठ संख्या–01 व 02 पर उल्लिखित है।

ग्राम राजेपुर मांझा परगना हवेली अवध, तहसील सदर, जिला अयोध्या चकबन्दी प्रकिया में है। चकबन्दी विभाग द्वारा निर्गत ग्राम राजेपुर मांझा के जोत चकबन्दी आकार पत्र 2–क के अनुसार गाटा संख्या–450 रकबा 4.060 हे0 भूमि खातेदार के नाम दर्ज है, किन्तु जोत चकबन्दी आकार पत्र 2–क के कालम संख्या–24 में अंकित किया गया है कि "मौके पर नाला है।"

वर्तमान में ग्राम राजेपुर मांझा, परगना हवेली अवध, तहसील सदर, जिला अयोध्या की गाटा संख्या–450मि., 451मि., 131/2मि. से होकर नाला प्रवाहित हो रहा है। उक्त गाटा संख्या 450मि. व 451मि. वर्तमान में विभिन्न खातेदारों के नाम भिन्न खातों में, संघटक खाते के रूप में बतौर संक्रमणीय भूमिधर अंकित है।

ग्राम राजेपुर मांझा, परगना हवेली अवध, तहसील सदर, जिला अंयोध्या की द्वितीय सर्वे बन्दोबस्त के अनुसार वर्तमान गाटा संख्या–450 पुरानी गाटा संख्या 156, 239, 241, 242, 243, 246, 386, 401, 402, 403, 404, 405, 406, 408 से बनी है, जो प्रथम बन्दोबस्त की नयी गाटा संख्या है। प्रथम बन्दोबस्त की उक्त गाटा संख्या–156 सन् 1359 फसली की गाटा संख्या–92/1 से, गाटा संख्या–239, गाटा संख्या–97मि. से, गाटा संख्या–241, 242, 243, गाटा संख्या–98 से, गाटा संख्या–246, गाटा संख्या–102 व 101 से, गाटा संख्या–386, 401, 402, 403, 404, 405 से गाटा संख्या–102 से व गाटा संख्या–406, गाटा संख्या–129, 139 से तथा गाटा संख्या–408, गाटा संख्या–144, 145 व 146 से बनी है। सन् 1359 फसली में अंकित गाटा संख्या–92/1मि. का आंशिक भाग, गाटा संख्या–97मि. व गाटा संख्या–102 सोती के खाते में तथा गाटा संख्या–98 रेता के खाते में अभिलिखित रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि सन् 1359 फसली की गाटा संख्या–92/1मि. 97 मि. 98 व 102 का जो अंश वर्तमान गाटा संख्या–450 में समाहित है, वह सोती एवं रेता खाते की जलमग्न भूमि रही है। (संलग्नक–02)

इसी प्रकार वर्तमान गाटा संख्या– 451क व 451ख पुरानी गाटा संख्या– 386 से बनी है। पुरानी गाटा संख्या–386 सन् 1359 फसली की गाटा संख्या–102 से बनी है। सन् 1359 फसली में गाटा संख्या–102 सोती के खाते में दर्ज रही है। इससे यह स्पष्ट है कि सन् 1359 फसली की गाटा संख्या–102 से निर्मित वर्तमान गाटा संख्या–451 भी सोती खाते की जलमग्न भूमि रही है (संलग्न–2)।

सन् 1363 से 1365 फसली की खतौनी में सोती एवं रेता के खाते में भूमियां अंकित रहीं है, किन्तु उसके उपरान्त प्रथम सर्वे बन्दोबस्त सन् 1365 से 1366 फसली में सोती एवं रेता के खाते में कोई भूमि अंकित होना नहीं पाया जाता। बल्कि विभिन्न खातेदारों के नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में प्रविष्टियां दर्ज है। सन् 1363 से 1365 फसली की खतौनी में सोती एवं रेता के खाते पर भूमि की नवैय्यत परिवर्तन एवं खातेदारों के नाम अंकित किये जाने के संबंध में किसी सक्षम अधिकारी का कोई आदेश अंकित नहीं पाया गया। इससे स्पष्ट है कि सन् 1363 से 1365 फसली की खतौनी से प्रथम सर्वे बन्दोबस्त तैयार करते समय ही सोती एवं रेता की भूमि को त्रुटिपूर्ण ढंग से विभिन्न खातेदारों के नाम अंकित कर दिया गया जिसके कारण वर्तमान में भी राजस्व अभिलेखों में सोती एवं रेता का कोई खाता अंकित नहीं है।

2– उक्त नाले में यश पेपर मिल से निकलने वाला पानी नाले से होकर बहता है, किन्तु बरसात के दिनों में आस–पास ग्रामों/क्षेत्रों का बरसाती पानी भी नाले से ही होकर सरयू नदी में प्रवाहित होता है।

3– उद्योग एवं पल्प एवं पेपर उद्योग तथा कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अयोध्या के अभिलेख के अनुसार वर्ष 1983 से संचालित है। उद्योग की वर्तमान क्षमता 120 मीट्रिक टन प्रतिदिन पल्प/पेपर उत्पादन क्षमता की है। उद्योग में कृषि अपशिष्ट जैसे–गेहूँ का भूसा, गन्ने की खोई एवं पुराने गनी बोरों इत्यादि का प्रयोग कर मशीन ग्लेज्ड अनबिच्ड मीडिया क्राप्ट पेपर ब्लीच्ड पोस्टर ग्रेड पेपर तथा पल्प का उत्पादन किया जाता है। इसके अतिरिक्त ई0टी0 पी0 से जनित स्लज से ऐग ट्रे तथा पल्प से थाली, तस्तरी एवं प्याली इत्यादि का भी उत्पादन किया जाता है। उद्योग में भूमिगत जल का उपयोग किया जाता है। जल का प्रयोग घरेलू प्रयोजन एवं औद्योगिक प्रयोजन हेतु किया जाता है। जमींन से पानी 06 निजी नलकूपों के माध्यम से निकाला जाता है। नलकूपों पर भूमि से निकाले गये जल की मात्रा के मापन हेतु

06 इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वाटर मीटर स्थापित है तथा उद्योग द्वारा भूमि से निकाले गये पानी का लॉगबुक बनाया गया है जिससे भूमि से प्रतिदिन नलकूपों से निकाली गई मात्रा अंकित किया जा रहा है। उद्योग से घरेलू प्रयोजन में प्रयुक्त जल से जनित घरेलू बहिस्राव के शुद्धिकरण हेतु सेप्टिक टैंक/सोकपिट की व्यवस्था स्थापित है। उद्योग में औद्योगिक प्रयोजन में जल का प्रयोग मुख्यतया ब्यावलर फीडिंग, पल्पिंग, वाशिंग, पेपर मेकिंग, कूलिंग इत्यादि हेतु किया जाता है। औद्योगिक प्रयोजन में प्रयुक्त जल से 02 प्रकार का औद्योगिक उत्प्रवाह जनित होता है। उद्योग में जनित एक प्रकार का उत्प्रवाह जो मुख्तया पेपर मेकिंग, कूलिंग इत्यादि जनित होता है, अल्प प्रदूषणकारी प्रकृति का होता है, जिससे शुद्धिकरण हेतु उद्योग में एक्टीवेटेड स्लस प्रासेस (एस0एस0पी0) पर आधारित 12000 कि.ली. प्रतिदिन शोधन क्षमता का उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र (ई0टी0पी0) स्थापित है, जिसकी प्रमुख इकाइयां निम्नवत हैं :

01 बार स्कीन, 02 फाइबर रिकवरी सिस्टम, 03 कोफ्टा सेडियल, 04 इक्वालाइजेशन टैंक, 05 स्पिलिटर बाक्स, 06 एनरोबिक लैगून, 07 प्राइमरी क्लारीफायर (सं0–02), 08 एरेशन टैंक (सं02), 09 सेकेण्डरी क्लारीफायर (सं0–02), 10 मैन्चुरेशन पॉण्ड, 11 एक्टीवेटेड कार्बन फिल्टर (सं0–02), 13 मैकेनिकल स्लज डिवाटरिंग डिवाइस एग्रो पल्पिंग एवं पल्प वाशिंग इत्यादि प्रकियाओं से जनित उत्प्रवाह अत्यन्त प्रदूषणकारी प्रकृति का होता है, जिसे ब्लैक लीकर कहा जाता है। ब्लैक लीकर के शुद्विकरण हेतु उद्योग में केमिकल प्लान्ट (सी0आर0पी0) स्थापित है, जिसकी प्रमुख इकाइयां निम्नवत है :

01–मल्टी इफेक्ट इवोपोरेटर, 02–कैस्केड इवोपरेटर, 03–स्लप फायर्ड इन्सीनरेशन ब्वायलर, 04–रिकिस्ट साइटिंग प्लान्ट

सी0आर0पी में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु 02 चिमनियां स्थापित है। इन्सीनरेशन ब्वायलर में वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था के रूप में इलेक्ट्रो स्टेटिक प्रेसीरेटर (ई0एस0पी0) स्थापित है। इन्सीनरेशन ब्वायलर की चिमनी पर बेब कैमरा स्थापित है जो केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोड के सर्वर से जुड़ा है जिसके द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सी0आर0पी0 के संचालन की मानिटरिंग ऑनलाइन किया जा रहा है। उद्योग से जनित ब्लैक लीकर की मात्रा के मापन हेतु उद्योग मास फ्लो मीटर स्थापित है।

उद्योग से जनित अल्प प्रदूषणकारी प्रकृति के उत्प्रवाह की मात्रा के मापन हेतु उद्योग में ई0टी0पी0 के इनलेट पर इलेक्ट्रो मैग्नेटिक वाटर मीटर स्थापित है तथा इसकी लागबुक उद्योग मेनटेन किया जा रहा है। उद्योग में ई0टी0पी0 के आउठलेट पर उद्योग से नाले में निस्तारित किये जाने वाले उत्प्रवाह की मात्रा के मापन हेतु अल्ट्रासोनिक फ्लो मीटर तथा कैलिब्रेटेड "वी" नॉव स्थापित है। उद्योग द्वारा नाले में निस्तारित किये जा रहे शुद्धिकृत उत्प्रवाह की गुणता की जांच हेतु उद्योग द्वारा ई0टी0पी0 के फाइनल आउठलेट पर ऑनलाइन कान्टीनिवस इफ्लूएन्ट मानिटरिंग सिस्टम (आई0सी0ई0एम0एस0) स्थापित किया गया हैं। उद्योग में स्थापित ओ0सी0ई0एम0एस0 केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य बोर्ड के सर्वर से जुड़ा है जिसके द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उद्योग से नाले में निस्तारित किये जा रहे शुद्विकृत उत्प्रवाह की गुणता की मानीटरिंग सतत् ऑनलाइन किया जा रहा है। उद्योग से निस्तारित हो रहे शुद्धिकृत उत्प्रवाह की गुणता बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं होने की दशा में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से तत्काल एस0एम0एस0 आ जाता है। तीन बार लगातार उद्योग द्वारा डिफाल्ट किये जाने की दशा में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उद्योग को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया

जाता है तथा कारण–बताओ नोटिस का उद्योग द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिये जाने की दशा में उद्योग के विरूद्ध बन्दी आदेश जारी कर दिया जाता है। समिति द्वारा उक्त तिथि को अन्तिम निस्तारण विन्दु से उत्प्रवाह का नमूना एकत्र कर विश्लेषण हेतु केन्द्रीय प्रयोगशाला में जमा कराया गया, जिसमें प्रचालकों की मात्रा पीएच–7.88, बीओडी 120, सीओडी–96 एवं एसएस–22.0 पाया गया जो बोर्ड के मानकों के अनुरूप है। 12.0

उद्योग से निस्तारित किया जाने वाला शुद्धिकृत उत्प्रवाह उद्योग परिसर के अन्दर से बहने वाले तिहुरा नाले में मिलता है तथा तिहुरा नाला अन्ततः सरयू नदी में मिलता है। उद्योग से सरयू नदी की दूरी लगभग 10–12 किमी है। तिहुरा नाले के किनारे बसे गांवो से जनित घरेलू बहिस्राव भी तिहुरा नाले में मिलता है।

ओ0सी0ई0एम0एस0 स्थापित हो जाने के पश्चात् से उद्योग नाले में निस्तारित किये जा रहे शुद्धिकृत उत्प्रवाह की गुणता का ऑनलाइन मानिटरिंग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निरन्तर किया जा रहा है, जिसकी माह जनवरी, 2019 की जांच रिपोर्ट जांच आख्या के साथ संलग्न की जा रही है। ओ0सी0ई0एम0एस0 स्थापित होने के पहले से निस्तारित किये जाने वाले शुद्धिकृत उत्प्रवाह की गुणता की जॉच राज्य बोर्ड तथा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय–समय पर किया जाता था। क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के अभिलेखों का परिशीलन करने के उपरान्त उद्योग द्वारा तिहुरा नाले में बिना शुद्धिकृत उत्प्रवाह निस्तारित किये जाने की कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

4. ग्रामवासियों से जानकारी करने पर पाया गया कि उक्त नाला कई वर्ष पुराना मिल निर्माण होने के पूर्व से है।
5. यश पेपर मिल द्वारा नाले में जहॉ पानी छोड़ा जाता है वहॉ पर स्थित अल्ट्रासोनिक मीटर के आधार पर डिस्चार्ज 123 क्यूबिक मीटर प्रति घण्टा है। 5 मीटर चौड़ाई के नाले में पानी बहाव के लिए पर्याप्त होगा। (सिचाई खण्ड की आख्यानुसार)
6. जहॉ पर यश पेपर मिल का पानी नाले में गिरता है वहां नाले का स्वरूप/यानी उसकी गहरायी आदि जल बहाव के लिए पर्याप्त है लेकिन आगे की तरफ रामुपर हलवारा एवं सरायरासी गांव के पास नाले का स्वरूप यानि उसकी सतह छिछली है और छिछली होने के कारण पानी का बहाव/फैलाव क्षेत्र अधिक है।
7. यश पेपर मिल का पानी जिस नाले में गिरता है उस नाले का सर्वेक्षण कार्य कराया गया। उक्त नाले की लम्बाई 7.00 कि.मी. पायी गयी। वर्तमान में नाला मिट्टी/स्लस से भरा हुआ है, जिसके कारण पानी का बहाव अवरूद्ध है। उक्त नाले की सफाई कार्य की अनुमानित लागत 60.00 लाख है। यदि नाले को पक्का बनवाया जाता है तो उसकी अनुमानित लागत 2.80 करोड़ आयेगी (सिचाई खण्ड की आख्यानुसार)।

अतः श्री गौतम घोष, समन्वय प्रमुख, यश पेपर्स, यश नगर, फैजाबाद के पत्र दिनांक 10.07.2018 मूल रूप में तथा कार्यालय पत्र संख्या : 2040/दिनांक 23.10.2018 द्वारा गठित समिति की संयुक्त जांच आख्या दिनांक 24.01.2019 मूल रूप में संलग्नक सहित आपके पास अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक–यथोक्त मूल रूप में।

भवदीय,

(अभिषेक आनन्द)
मुख्य विकास अधिकारी
अयोध्या।

अनुलग्नक-16

कार्यालय--जिला कृषि अधिकारी,अयोध्या।

पत्रांक-- 59 /जनसूचना/2019-20/दिनांक-मई 07 ,2019

श्री सचिन कुमार श्रीवास्तव
कम्पनी सचिव
मे0 यश पेपर्स लिमिटेड,
दर्शननगर,अयोध्या

कृपया अपने पत्र दिनांक--20.04.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करे,जिसके द्वारा आपने जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत तीन बिन्दुओ पर सूचना चाही गयी है का विवरण निम्नवत है:-

बिन्दु संख्या--1--कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार विगत पॉच वर्ष में मे0 यस पेपर्स लिमिटेड दर्शननगर,अयोध्या के विरूद्ध एक शिकायत श्री परशुराम यादव निवासी ग्राम रामपुर हलवारा पोस्ट सरायरासी जनपद--अयोध्या द्वारा की गयी है। (शिकायती पत्र की छाया प्रति सलंग्न)

बिन्दु संख्या--2--शिकायत निस्तारण के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी,सदर अयोध्या को कार्यालय पत्रांक--1093 दिनांक--05.03.2019 द्वारा पत्र प्रेषित किया गया।(छाया प्रति सलंग्न)

बिन्दु संख्या--3-- मे0 यस पेपर्स लिमिटेड दर्शननगर,अयोध्या द्वारा किये जा रहे भू--जल प्रदूषण से स्थानीय कृषको की फसलो को हुई क्षति एवं दिये गये क्षति पूर्ति के सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,बस्ती उ0प्र0 द्वारा चाही गयी सूचना कार्यालय पत्रांक--53 दिनांक--02.05.2019 द्वारा प्रेषित की गयी है। (छाया प्रति सलंग्न

सलंग्नक--उपरोक्तानुसार।

जिला कृषि अधिकारी,
अयोध्या।

प्रेषक,

जिला कृषि अधिकारी
अयोध्या।

सेवा में,

उप जिलाधिकारी ,
सदर, अयोध्या।

पत्रांक– 1093 /तहसील दिवस/2018–19/दिनांक 05 मार्च , 2019

महोदय,

कृपया तहसील दिवस सन्दर्भ संख्या–47411 दिनांक 05.02.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो श्री परशुराम यादव निवासी रामपुर हलवारा पोस्ट सरायरासी तहसील सदर द्वारा स्थलीय नाले के पानी से जलभराव द्वारा फसल की क्षति विषयक है। इस क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम रामपुर हलवारा, सरायरासी , तिहुरा एवं राजेपुर में स्थलीय निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टया जल निकासी वाले नाले पर अतिक्रमण एवं जल निकासी के सुरक्षित बहाव को बाधित किये जाने के कारण नाले से पानी के तटबन्ध से खेतो की तरफ बाहर आने की स्थिति उत्पन्न हो गयी है एवं खेतो में जल भराव हो रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर फसलो की क्षति सम्भावित है।

उपरोक्त क्रम में सादर अनुरोध है कि राजस्व विभाग से मौके पर स्थलीय निरीक्षण / निस्तारकन कराते हुए बाधित नाले से जल निकास की सुरक्षित व्यवस्था कराने का कष्ट करें, जिससे संबंधित ग्राम के कृषको की फसलो को क्षति से बचाया जा सकें।

भवदीय

(बी0 के0 सिंह),
जिला कृषि अधिकारी
अयोध्या।

पृष्ठाकन संख्या/ 1093 /यथोक्ति/दिनांक तद्

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01–संबंधित शिकायतकर्ता ।

02–जिलाधिकारी महोदय अयोध्या की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि अधिकारी,
अयोध्या।

श्रीमान तहसील दिवस प्रभारी

तहसील सदर अयोध्या.

विषय: यश पेपर मिल दर्शन नगर के उत्सर्जित जल से नष्ट हुई फसल की क्षतिपूर्ति के सम्बन्ध मे

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी की लगभग 5 एकड फसल जिसमे गन्ना धान की फसल बोई गयी है। यश पेपर मिल के पानी से जल भराव के कारण नष्ट हो गयी है, और गेहू के फसल की बुआई भी नही हो पायी है, जिससे परिवार भुखमरी की कगार पर आ गया है।

अतः प्रार्थना है कि प्रार्थी की हानि का आंकलन कराकर उचित क्षतिपूर्ति दिलायी जाय, महान कृपा होगी।

परशुराम यादव

दिनांक 5-9-19

प्रार्थी
(JC117506 Ex.Sub) परशुराम यादव
पुत्र श्री महेश यादव
ग्राम-- रामपुर हलवारा, पोस्ट सरायरासी
थाना कोतवाली अयोध्या, तहसील-- सदर
जिला-- अयोध्या

जिला कृषि अधिकारी,
अयोध्या।

सेवा में,

क्षेत्रीय अधिकारी
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
ब्लाक रोड, बुद्धापुरम, बडेबन
बस्ती–उत्तर प्रदेश–272002

पत्रांक– 53 /विविध जॉच/2019–20/दिनांक 02 मई 2019

विषयः– **मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में दायर ओ0ए0सं0–116/2014 मीरा शुक्ला बनाम म्यूनिसिपल कार्पोरेशन गोरखपुर में पारित आदेश दिनांक 25.10.2018 के संबंध में पर्यावरण अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन द्वारा गठित जॉच समिति को जॉच से संबंधित अभिलेख/सूचनाएँ उपलब्ध कराये जाने विषयक ।**

महोदय,

कृपया अपने कार्यालय के पत्रांक सन्दर्भ संख्या 285/सा0–28/एन0जी0टी0/IV /2019 दिनांक 29–04–2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में दायर ओ0ए0सं0–116/2014 मीरा शुक्ला बनाम म्यूनिसिपल कार्पोरेशन गोरखपुर में पारित आदेश दिनांक 25.10.2018 के संबंध में पर्यावरण अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन द्वारा गठित जॉच समिति को जॉच से संबंधित अभिलेख सूचनाएँ उपलब्ध कराये जाने विषयक है, के क्रम में प्रमुख सचिव पर्यावरण उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कार्यालय ज्ञाप सख्या–415/55–पर्या–2–18–44 (रिट)/2018 दिनांक 17.12.2018 के माध्यम् से मेसर्स यश पेपर्स लि0दर्शननगर अयोध्या द्वारा किये जा रहे भू–जल प्रदूषण द्वारा क्षेत्रीय कृषको की फसलो को हुयी क्षति एवं संबंधित कृषक को क्षति पूर्ति दिये जाने की सूचना से संबंधित है।

उपरोक्त के क्रम में बिन्दुवार सूचना निम्न प्रकार प्रेषित हैः–

01–कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार बिगत तीन वर्षो में पेपर मिल के पानी से तिहुरा नाले के आप पास के खेतो में उगी फसलो के क्षतिग्रस्त/बर्बाद होने संबंधी एक शिकायत दिनांक 05.02.2019 को तहसील दिवस सदर के माध्यम् से श्री परशुराम यादव निवासी रामपुर हलवारा तहसील सदर द्वारा की गयी है, जिसमें गन्ना एवं धान की फसल क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षति पूर्ति किये जाने को संदर्भित किया गया हैं। अन्य किसी भी कृषक द्वारा इस संबंध में कोई शिकायत अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर नही की गयी है।

02–श्री परशुराम यादव निवासी रामपुर हलवारा तहसील सदर द्वारा दिनांक 05.02.2019 को की गयी शिकायत के क्रम में मौके पर जाकर स्थलीय जॉच की गयी। जॉच के समय मौके पर प्रथम दृष्टया जल निकासी वाले नाले पर अतिक्रमण एवं जल निकासी के सुरक्षित बहाव को बाधित किये जाने के कारण नाले के तटबन्ध से पानी बाहर खेतो की तरफ आने की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। सादर यह भी अवगत कराना है कि शिकायत की तिथि को धान फसल मौके पर खेत में उपलब्ध नही थी, जिससे फसल की क्षति का समुचित ऑकलन किया जाना सम्भव नही था।

गन्ने की फसल में आंशिक जल भराव से क्षति की स्थिति नही पैदा होती है। तिहुरा नाले पर अतिक्रमण के कारण जल निकासी के सुरक्षित बहाव की व्यवस्था हेतु उप जिलाधिकारी सदर को कार्यालय पत्रांक 1093/तह0 दिवस/2018--19/दिनांक 05.03.2019 को राजस्व विभाग से नौके पर स्थलीय निरीक्षण/चिन्हांकन कराते हुए बाधित नाले से जल निकास की सुरक्षित व्यवस्था कराने हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया, जिससे स्थानीय कृषको की फसल को जल भराव की स्थिति से किसी भी क्षति से बचाया जा सकें।

03--विगत तीन वर्षो में किसानो से प्राप्त शिकायत की जॉच के क्रम में फसलो की क्षतिपूर्ति किये जाने का प्रकरण प्रकाश में नही है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सेवा में प्रेषित ।

भवदीय

2/5/19

जिला कृषि अधिकारी,
अयोध्या।

पृष्ठांकन संख्या-- 53 /यथोक्ति दिनांक तद्

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

01--जिलाधिकारी, महोदय अयोध्या।

02--उप कृषि निदेशक अयोध्या।

03--मुख्य प्रर्यावरण अधिकारी (वृत्त--6) उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ।

2/5/19

जिला कृषि अधिकारी,
अयोध्या।

अनुलग्नक-3[21]

कार्यालय–मुख्य चिकित्सा अधिकारी फैजाबाद।

प्रमाण पत्र

मे0 यश पेपर लिमिटेड के पत्रांक–14/सी0एम0ओ0 दिनांक–7.05.2018 के क्रम में डा0 ए0के0 सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच की गयी एवं वहां के लोगो से बातचीत की गयी। यश पेपर मिल के नाले के पानी से ~~पीलिया के~~ मृत्यु के संबन्ध में इस कार्यालय को कोई सूचना नही है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी
फैजाबाद।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
फैजाबाद

अनुलग्नक-5

प्रेषक,

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,
अयोध्या।

सेवा में,

श्री सचिन कुमार श्रीवास्तव,
कम्पनी सचिव,
यश पेपर्स लि0, दर्शननगर
अयोध्या।

पत्रांक 347 / जनसूचना / 2019-20 दिनांक:- 03.07.19

विषयः- यश पेपर्स लि0, दर्शननगर, अयोध्या के एफ्लुएंट ट्रीटमेन्ट प्लांट द्वारा सरकारी नाले में जाने वाले पानी से पशुओं के बीमार / मरने की शिकायत के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र दिनांक 26.06.2019 के क्रम में अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त प्रकरण की जांच पशुचिकित्साधिकारी, पूराबाजार तथा पशुचिकित्साधिकारी, गंगौली, जनपद अयोध्या से कराई गई। पशुचिकित्साधिकारी द्वय द्वारा प्राप्त जांच आख्या से प्रतीत होता है कि विगत पांच वर्षो में एफ्लुएंट ट्रीटमेन्ट प्लांट द्वारा नाले में छोड़े गये पानी के कारण पशुओं में कोई बीमारी संज्ञान में नहीं आई है। भविष्य में यदि एफ्लुएंट ट्रीटमेन्ट प्लांट द्वारा नाले में छोड़े गये पानी के कारण पशुओं में कोई बीमारी फैलती है, तो तत्समय आपको सूचित किया जायेगा।

भवदीय

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,
अयोध्या।

सेवा में,

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी
फैजाबाद

पत्रांक क्र० - 05/न्याय/प्रदूषण/2017-18 दिनांक 22-03-18

महोदय,

कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी फैजाबाद के पत्र सं० 06/न्याय/प्रदूषण/2017-18 दिनांक 09-03-18 के अनुपालन के क्रम में राजीव नगर फैजाबाद में स्थित मै० शास्त्र पेपर्स लिमिटेड से हो रहे प्रदूषण से जानवरों/पशुओं की बीमारी/मरने की पुष्टि की सूचना चाही गयी थी।

उपरोक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहना है कि मेरे द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं पशु चिकित्सालय पर चिकित्सा के दौरान प्रदूषण से पशुओं की बीमारी/मरने की कोई सूचना नहीं मिली है। अतः आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

RECEIVED
ONE COPY
S.Singh
22/03/18

(डा० उपेन्द्र कुमार)
पशु चिकित्साधिकारी
अमौली फैजाबाद

ह/c

अनुलग्नक-5

Court No. - 5

Case :- MISC. BENCH No. - 4704 of 2019

Petitioner :- Dinesh Yadav & Ors.
Respondent :- State Of U.P. Thru Secy. Irrigation Deptt. & Ors.
Counsel for Petitioner :- Subhash Vidyarthi
Counsel for Respondent :- C.S.C.

Hon'ble Dr. Devendra Kumar Arora,J.
Hon'ble Narendra Kumar Johari,J.

Submission of the learned counsel for the petitioner is that there is Government Nullah called *(soti)* which originates from village Baisingh and flows through different villages of pargana Haweli Awadh, tehsil Sadar, District Ayodhya, i.e., Parakhan, Tiruha Uparhaar, Rampur Halwara, Rampur Majha, Sarairasi Majha, Rajepur Majha, Moodadiha Majha, Pipri Sangram Majha, Pure Chetan Majha and Mardhana Majha and finally ends up in river Saryu. This nullah carries rain water of the said villages. Petitioners as well as other farmers also use the water of the said 'soti' for irrigation and other purposes since ages. It is further submitted that in the basic year khatauni, i.e., khatauni for the year 1359 fasli, gata no 18, 102 etc in village Rajepur measuring 76 bigha and 16 biswan (approximately 19 hectares) are recorded as 'soti'. However, during later years new gata nos.386 ka, kha, 401, 402, 403 and 405 were carved out from old gata no.102 and new gata numbers were recorded in the name of private individuals. Similarly, new gata number 77 measuring 3-15-0 and gata no.78 measuring 13-14-5 were carved out of the old gata no.18 and the same were also recorded in the names of private individuals by manipulating the records but the 'soti' (nullah) contiued to flow over the said plots of land and the water therefrom is being used by the petitioners and other villagers for the irrigation and other

purposes. The Government has also constructed a sluice gate in village Rajepur on the aforesaid 'soti' (nullah) in order to control the backflow of the water when the water in river Saryu rises during heavy rains and it reaches up to village Rajepur and in support of the said averments some photographs of the sluice gate have also been annexed as Annexure-5. Petitioners raise their grievance regarding obstruction of flow of water in the 'soti' at particular place in Rajepur Majha, village Rajepur

which caused water of the nullah to overflow and spread in nearby fields and no action has been taken, so, the petitioners are constrained to approach this Court seeking directions against the opposite parties to remove illegal obstruction in 'soti' to ensure smooth flow of the water in government nullah(soti) which originates from the village Baisingh, pargana Haweli Awadh, tehsil Sadar, District Ayodhya.

Learned Standing Counsel, on the basis of instructions submitted that there is some dispute pending before the consolidation authorities but failed to point out as to whether there is any injunction or stay order granted in the said proceedings.

From the record as well as photographs annexed with the writ petition, it comes out that there is a nullah and the natural flow of the same cannot be obstructed by any person. The District magistrate and other district authorities are supposed to ensure the free flow of the water from the nullah which originates from village Baisingh and ends up in river Saryu. It appears that no positive steps have been taken by the district authorities and in the instructions an effort has been made to shift the burden in the garb of proceedings pending before the consolidation authorities. Obstruction of the flow of water is apparently causing danger to the environment.

We take a serious view of the issue and direct the District Magistrate, Ayodhya to appear before this Court alongwith record for assistance and also to explain as to why steps have not been taken for ensuring the free flow of the water in the said soti (nullah).

List this case on 26.3.2019, as fresh.

Learned Standing Counsel is directed to communicate this order to the concerned authority.

Order Date :- 6.3.2019

haakir/mks

अनुलग्नक-

Item No. 01 Court No. 1

BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL
PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI

Original Application No. 116/2014

Meera Shukla Applicant(s)

Versus

Municipal Corporation, Gorakhpur & Ors. Respondent(s)

Date of hearing: 24.09.2019
Date of uploading the order: 27.09.2019

CORAM: **HON'BLE MR. JUSTICE ADARSH KUMAR GOEL, CHAIRPERSON**
HON'BLE MR. JUSTICE S.P WANGDI, JUDICIAL MEMBER
HON'BLE MR. JUSTICE K. RAMAKRISHNAN, JUDICIAL MEMBER
HON'BLE DR. NAGIN NANDA, EXPERT MEMBER

ORDER

1. The issue for consideration is the remedial action for contamination of water bodies and ground water, specially Ramgarh Lake, Ami River, Rapti River and Rohani River in and around District Gorakhpur, Uttar Pradesh.

2. The matter was considered vide the order dated 23.08.2018. The Tribunal noted the allegation that Ramgarh Lake, Ami River, Rapti River and Rohani River in and around District Gorakhpur were severely polluted on account of discharge of untreated sewage and industrial effluents. Steps required to prevent contamination of water bodies and groundwater were not being taken. This was affecting the farmers and inhabitants, flora, fauna and ecology of area and causing degradation of the environment. 103 water bodies are under

threat. There was no proper management of solid waste and no designated scientific sanitary landfill. There was encroachment of the Ramgarh Taal. CETP had not been set up. Industries were not complying with the environmental norms. There was high organic load in River Ami and Rapti and Sugar industries and Distillery units were causing pollution. 557 persons died in the year 2012. About 50,000 persons died in the last 30 years. It was also noted that Ami, Rapti and Rohani River are the tributaries of Ghaghara which ultimately terminated into River Ganga. For public health at Gorakhpur, clean water supply was necessary, apart from cleaning of water bodies and other steps for protection of environment.

3. The Tribunal issued directions for the purpose and a Monitoring Committee was constituted headed by former Judge of Allahabad High Court with representatives of the CPCB, UPPCB and State Jal Nigam to oversee compliance of directions of this Tribunal already issued on the subject of closing the sources of contaminated water (like handpumps) and taking steps for supply of potable water, to ensure proper waste management and deal with other issues mentioned above.

4. The Committee was to carry out inspection of the industries causing pollution of water bodies, drains and rivers in the area and ETPs, STPs, CETP and SWM sites. Action plan was required to be prepared for solid waste processing plant, proper functioning of ETPs and CETP and also for making available potable water to the inhabitants apart from undertaking rehabilitation program for compensating the victims who had suffered. The Committee was to furnish reports to this Tribunal for further action.

5. The matter has been dealt with on several dates since then in the light of reports received from the Committee. The Tribunal has passed directions with regard to installation of STPs and CETP by GIDA, closure of industries operating illegally, adding to the pollution of the Rivers or their tributaries, shifting of construction activities from the floodplain zones/catchment area, unscientific disposal of municipal and other wastes. Reports have been dealt with from time to time earlier vide orders dated 25.10.2018, 17.12.2018, 07.03.2019, 29.04.2019 and 19.07.2019 to which a brief reference may be made.

6. Order dated 25.10.2018 dealt with the pollution caused by M/s. Yash Paper Mills, Faizabad by discharge in Tihura Drain affecting the agricultural lands as result of demolishing the clay barrier as per directions from the Sub Divisional Magistrate. Allegation of alleged collusion of SDM of the area was directed to be looked into by the Chief Secretary, UP. The stand of the SDM is that the barrier was removed to ensure flow of the drain, though the rain has to be kept clean and free from discharge of effluents.

7. Order dated 17.12.2018 dealt with the damage to the forest land by Bajaj Sugar Mill, Golagokaran Nath, District Lakhimpur, pollution by M/s Gallant Ispat Limited, Gorakhpur by discharging effluent into a drain joining Ami River, pollution by M/s Rungta Industries Pvt. Ltd. and M/s Crazy Snacks Ltd. discharging effluent in GIDA drain, pollution by M/s Yash Paper Mills, and pollution of Ami River by sewage generated in Gorakhpur, Sahjanwa, Unwal, Kauriram and Khajni, pollution by M/s Bajaj Hindustan Limited (Distillery Unit), illegal construction around Ramgarh lake and absence of sanitation,

